# भोर और बरखा

---

Question 1.
कवयित्री के मन में उमंग उठने का क्या कारण है?
(a) श्री कृष्ण के आने का समाचार मिल गया
(b) सावन का महीना आ गया
(c) कवयित्री को वर्षा अच्छी लगती है
(d) सब तरफ फूल खिले हैं

▼ Answer

Answer: (a) श्री कृष्ण के आने का समाचार मिल गया

---

Question 2.
'उमग्यो' का क्या अर्थ है?
(a) पैदा होना
(b) उमंग उठना
(c) आजाद होना .
(d) दु:खी होना

▼ Answer

Answer: (b) उमंग उठना

---

Question 3.
नन्ही-नन्दी बूंदें कब पड़ती हैं?
(a) जब धूप निकलती है
(b) जब रात होती है
(c) जब झड़ी लगती है
(d) जब कृष्ण जी आते हैं

▼ Answer

Answer: (c) जब झड़ी लगती है

---

Question 4.
दामिन का क्या अर्थ है?
(a) दाम (कीमत)
(b) बादल
(c) बादलों में चमकने वाली बिजली
(d) समुद्र की लहरें

▼ Answer

Answer: (c) बादलों में चमकने वाली बिजली

---

Question 5.
'भनक' का क्या अर्थ है?

(a) सूर्योदय होना
(b) हवा चलना
(c) वर्षा होना
(d) समाचार मिलना

▼ Answer

Answer: (d) समाचार मिलना

---

Question 6.
ग्वालों ने हाथ में क्या ले रखा है?
(a) लाठी
(b) कंबल
(c) माखन-रोटी
(d) खिलौने

▼ Answer

Answer: (c) माखन-रोटी

---

Question 7.
किस बात से पता चलता है कि भोर हो गई है?
(a) गोपियाँ दही मथ रही हैं
(b) सभी घरों के किवाड़ खुल गए हैं
(c) द्वार पर नर व देवता खड़े हैं
(d) ग्वाल-बाल जय-जयकार कर रहे हैं

▼ Answer

Answer: (d) ग्वाल-बाल जय-जयकार कर रहे हैं

---

Question 8.
यशोदा माता श्रीकृष्ण को क्या कहकर पुकारती है?
(a) बंशीवारे
(b) लालजी
(c) गउवन के रखवारे
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी

---

Question 9.
'भोर और बरखा' पाठ में किसका वर्णन है?
(a) मीराबाई का
(b) रामचंद्र का
(c) श्रीकृष्ण का
(d) वीर हनुमान का

▼ Answer

Answer: (c) श्रीकृष्ण का

---

Question 10.
'भोर और बरखा' पाठ किसके द्वारा लिखा गया है?
(a) महादेवी वर्मा
(b) नागार्जुन
(c) रहीम
(d) मीराबाई

▼ Answer

Answer: (d) मीराबाई

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित 'पद' को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर को चुनिए

1. जागो बंसीवारे ललना!
जागो मोरे प्यारे!
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।।
उठो लालजी! भोर भयो है, सुन-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै।।
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै।।

Question 1.
रजनी बीतने पर क्या होता है?
(a) प्रात:काल होता है
(b) सब लोग जाग जाते हैं
(c) सभी घरों के किवाड़ खुल जाते हैं
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी

---

Question 2.
गोपियों के दही मथने से किसकी आवाज सुनाई पड़ रही है?
(a) पक्षियों की
(b) मथनी की
(c) कंगनों की
(d) ग्वाल-बाल की

▼ Answer

Answer: (c) कंगनों की

---

Question 3.
द्वार पर कौन खड़े हैं?
(a) मनुष्य और देवता

(b) सभी ग्वालें
(c) गाएँ
(d) गली के बच्चे

▼ Answer

Answer: (a) मनुष्य और देवता

---

Question 4.
मीरा के प्रभु कैसे हैं?
(a) गाय चराने वाले
(b) सबका मन मोहने वाले
(c) शरण में आए का उद्धार करने वाले
(d) सब पर प्रेम की वर्षा करने वाले

▼ Answer

Answer: (c) शरण में आए का उद्धार करने वाले

---

Question 5.
कृष्ण को "गिरधर' (गिरिघर) हैं?
(a) यह उनका नाम था
(b) उन्होंने एक बार ब्रज वासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था, इसलिए उनका नाम गिरधर पड़ गया
(c) उन्होंने पर्वत पर घर बनाया था
(d) वे उस पर्वत पर गाएँ चराते थे

▼ Answer

Answer: (b) उन्होंने एक बार ब्रज वासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था, इसलिए उनका नाम गिरधर पड़ गया

---

2. बरसे बदरिया सावन की।
सावन की, मन-भावन की।
सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़-उमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की।।
नन्हीं-नन्हीं बूंदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर! आनंद-मंगल गावन की।।

Question 1.
वर्ष का सबसे अच्छा महीना कौन-सा होता है?
(a) सावन
(b) फागुन
(c) भादो
(d) कार्तिक

▼ Answer

Answer: (a) सावन

---

Question 2.
सावन के महीने में किसके मन में उमंगे उठ रही हैं?

(a) राधा के
(b) कृष्ण के
(c) यशोदा के
(d) मीरा के

▼ Answer

Answer: (d) मीरा के

---

Question 3.
गीराबाई का मन क्यों मचल रहा है?
(a) वर्षा की झड़ी को देखकर
(b) उनको कृष्ण के आने को भनक लग गई है
(c) आज उनका कृष्ण से मिलन हो. वाला है
(d) मोर का केकारव सुनकर

▼ Answer

Answer: (b) उनको कृष्ण के आने को भनक लग गई है

---

Question 4.
मीराबाई आज कैसे गीत गाना चाहत है?
(a) आनंद-मंगल गीत
(b) विरह गीत
(c) प्रेम गीत
(d) मल्हार गीत

▼ Answer

Answer: (a) आनंद-मंगल गीत

---

Question 5.
वर्षा ऋतु में क्या सुहावना लगता है?
(a) वन उपवन
(b) शीतल पवन
(c) भरा हुआ जल
(d) नदी-नाले

▼ Answer

Answer: (b) शीतल पवन

---